प्राप्त
# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार
32, हार्डिंग रोड, पटना-800001
बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार
फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, , बेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, बेबसाईट : bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 24/12/2024

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 1-17/2024 2291... प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 1871 दिनांक 18.10.2024 द्वारा अन्य पैक्सों के साथ **जयसिंहपुर दक्षिणी पैक्स, प्रखंड- तुरकौलिया, जिला- पूर्वी चम्पारण** के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त पैक्स का निर्वाचन कार्यक्रम प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 2015 दिनांक 11.11.2024 द्वारा स्थगित किया गया था।

अतः उक्त आलोक में **जयसिंहपुर दक्षिणी पैक्स** के निर्वाचन कार्यक्रम को अधिसूचना संख्या-1871 दिनांक 18.10.2024 के क्रम में नामांकन के स्तर से निम्नवत निर्धारित किया जाता है-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित सूचना का प्रकाशन | 27.12.2024 (शुक्रवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 02.01.2025 (गुरूवार) एवं 03.01.2025 (शुक्रवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 04.01.2025 (शनिवार) एवं 07.01.2025 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 09.01.2025 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 03 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 16.01.2025 (गुरूवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 16.01.2025 (गुरूवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| (vii) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 18.01.2025 (शनिवार) |

2. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में **जयसिंहपुर दक्षिणी पैक्स** के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार यथा माइकिंग, ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार आदि चिपकाकर किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), तुरकौलिया निर्वाचन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे एवं इसका अनुपालन प्रतिवेदन दिनांक 31.12.2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

3. **मतदान केन्द्र पैक्स गोदाम/ कार्यालय से अलग किसी सरकारी भवन में स्थापित किया जाएगा। इस संबंध में प्राधिकार के पत्रांक 2232 दिनांक 12.12.2024 में दिये निर्देश का अनुपालन किया जाएगा।**

4. मतदान का समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् प्रपत्र- ई०18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) और निर्वाचन पदाधिकारी के नाम, हस्ताक्षर, तिथि एंव मुहर युक्त अंतिम मतदाता सूची (जिसपर निर्वाचन संपन्न हुआ हो) की मूल प्रति स्कैन कराकर प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे। इसके लिए अधिसूचना संख्या- 1871 दिनांक 18.10.2024 के परिशिष्ट-1 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

5. **बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात् दिनांक 18.01.2025 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश ''सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका'' के पृष्ठ 122-129 पर देखा जा सकता है।**

6. अधिसूचना संख्या- 1871 दिनांक 18.10.2024 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 2291 पटना/ दिनांक 24/12/2024

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 2291 पटना/ दिनांक 24/12/2024

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, तिरहुत/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), पूर्वी चम्पारण/ पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स॰स॰), पूर्वी चम्पारण/ वरीय अपर समाहर्त्ता, पूर्वी चम्पारण/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), तुरकौलिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 2291 पटना/ दिनांक 24/12/2024

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ महानिदेशक, होम गार्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 2291 पटना/ दिनांक 24/12/2024

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 2291 पटना/ दिनांक 24/12/2024

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ परामर्शी/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा-2 (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूम बनाने का आदेश निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

3. श्री वेद प्रकाश, आईटी प्रोफेशनल को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वेबसाईट पर की जानेवाली विभिन्न प्रविष्टियों को ससमय कराना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।